4. कक्षा की समस्याओं को हल करने के सम्बन्ध में अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

सेवा में

प्रधानाचार्य

सरकारी हाई स्कूल

मेरठ।

दिनांक : 23.05.2015

विषय : **कक्षा की समस्याओं को हल करने हेतु प्रार्थना पत्र ।**

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं दसवीं कक्षा का मॉनीटर होने के नाते आपका ध्यान अपनी कक्षा की कुछ समस्याओं की ओर दिलाना चाहता हूँ। हमारी कक्षा में दो पंखे लगे हुए हैं जिनमें से केवल एक ही पंखा चलता है। अन्य कक्षाओं में चार-चार पंखे लगे हुए हैं। आजकल गर्मी इतनी बढ़ गयी है कि एक पंखे के सहारे सारी कक्षा का कमरे में बैठना दूभर हो गया है। इसके अतिरिक्त ब्लैक-बोर्ड की मरम्मत व पेंट होने वाला है तथा तीन ट्यूब लाइट्स फ्यूज़ होने के कारण नयी लगने वाली हैं।

अत: आपसे विनती की जाती है कि हमारी कक्षा की इन समस्याओं को हल करवाने की ओर ध्यान दीजिए। हमारी सारी कक्षा आपकी बहुत आभारी रहेगी।

आपका आज्ञाकारी शिष्य

गोविन्द शर्मा (**गोविन्द शर्मा**)

मॉनीटर

कक्षा-दसवीं-बी

रोल नम्बर-25

5. **नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर उसे अपने क्षेत्र/मुहल्ले की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।**

सेवा में

स्वास्थ्य अधिकारी

नगर निगम

सुंदर नगर।

दिनांक : 11082015

विषय : **सुन्दर नगर की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र।**

माननीय महोदय,

मैं आपका ध्यान सुन्दर नगर में जगह-जगह फैली गंदगी की ओर दिलाना चाहता हूँ।

मैं सुन्दर नगर का निवासी हूँ। मुझे यह लिखते हुए बड़ा ही अफसोस हो रहा है कि हमारे क्षेत्र का नाम ही सुन्दर नगर है जबकि सत्य यह है कि सुन्दरता तो इससे कोसों दूर है। इस क्षेत्र के चारों ओर गंदगी फैली हुई है। यहाँ कूड़ाघर से कूड़ा उठाने वाली गाड़ी नियमित रूप से नहीं आती जिसके कारण कूड़ा इकट्ठा होता रहता है। इससे चारों ओर दूर-दूर तक दुर्गन्ध फैल गई है।

मक्खी-मच्छर इतने हो गए हैं कि मलेरिया और डेंगू का प्रकोप बढ़ गया है । इस कूड़ाघर को कुत्तों, सूअरों, गायों, भैंसों आदि ने अपना अड्डा बना रखा है। दुर्गन्ध के साथ साथ इन जानवरों के डर के कारण राहगीरों का चलना-फिरना भी दूभर हो गया है। यहाँ के निवासियों ने कई बार सफाई कर्मचारियों से भी बात की है किन्तु उनके कान पर जूँ तक नहीं रेंगती।

अत: मैं सुन्दर नगर का प्रतिनिधि होने के नाते आपसे अनुरोध करता हूँ कि जल्दी से जल्दी इस क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर लोगों को इस गंदगी भरे वातावरण से मुक्त करें।

मैं आशा करता हूँ कि आप इस सम्बन्ध में शीघ्र ही कार्यवाही करेंगे।

धन्यवाद सहित।

चंपक लाल (**चंपक लाल**)

मकान नम्बर-45

सुन्दर नगर।

मोबाइल : 1666868684

champaklal@yahoo.co.in

6. पंजाब रोडवेज, लुधियाना के महाप्रबन्धक को बस में छूट गए सामान के बारे में आवेदन पत्र लिखिए।

सेवा में

महाप्रबन्धक

पंजाब रोडवेज

लुधियाना।

दिनांक: 11.08.2015

विषय : बस में छूट गए सामान के बारे में आवेदन पत्र।

मान्यवर,

सविनय निवेदन यह है कि मैंने दिनांक 15 **सितम्बर**, 2015 **को शाम** 6.00 **बजे समराला से पी. बी**. 2468 **नम्बर की पंजाब रोडवेज, लुधियाना की बस चंडीगढ़ जाने के लिए पकड़ी थी। उस समय बस में काफी भीड़ थी अत: मुझे खड़े होकर ही सफर करना पड़ा। मैंने अपना बैग उस समय बस में सामान रखने वाली जगह पर ऊपर रख दिया था। जब चंडीगढ़ का बस अड्डा आया तो मैं अपना बैग लिए बिना ही नीचे उतर गया। जब मैं घर पहुँचा तो मुझे याद आया कि मैं अपना बैग बस में ही भूल आया हूँ। मैंने उसी समय पंजाब रोडवेज, लुधियाना के कार्यालय में इस सम्बन्ध में फोन भी किया था, किन्तु मुझे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। मुझे ऐसा लगता है कि मेरा बैग तो बस के परिचालक ने आपके पास जमा करवा दिया होगा।**

मैं यहाँ बताना चाहता हूँ कि मेरे बैग का रंग नीला है। उसके अन्दर बनी जेब में मेरी तस्वीर भी पड़ी हुई है। इसके अतिरिक्त मेरा पहचान पत्र तथा कुछ ज़रूरी कागजात भी पड़े हुए हैं।

मैं आशा करता हूँ कि आप मेरे बैग का जल्दी से जल्दी पता लगाकर मुझे सूचित करेंगे।

धन्यवाद सहित।

राम प्रकाश (**राम प्रकाश**)

मकान नम्बर 7467

सेक्टर -48

चंडीगढ़।

मोबाइल 1765498056

Piyushpatnayak@yahoo.co.in

****

शिक्षा विभाग,पंजाब

(मार्गदर्शक:- डॉ. सुनील बहल, असिस्टेंट डायरेक्टर एस.सी.ई.आर.टी. पंजाब)

तैयार कर्ता:- राजन, अमृतसर व राजन शर्मा, जालंधर **शोधकः-** सुमन सहगल, जालंधर